झूलेलाल मंदिर के बाहर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया

पाली, (नि.सं.)। शहर के नया हाउसिंग बोर्ड स्थित ऑर्किड्स सेंट्रल स्कूल ऑफ़ एक्सीलेंस के विद्यार्थियों ने मंगलवार को सिन्धी कॉलोनी स्थित झूलेलाल मंदिर परिसर के बाहर मतदाता जागरूकता अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया।

स्वीप के सहायक प्रभारी प्रवीण जांगिड़ ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी एलएन मंत्री एवं नोडल अधिकारी स्वीप व मुख्य कार्यकारी अधिकारी नन्दकिशोर राजौरा के निर्देशन में विभिन्न स्थानों पर चल रहे स्वीप कार्यक्रम के तहत 26 अप्रैल के दिन ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं को अपने मताधिकार का उपयोग करने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

इसी के तहत मंगलवार को पाली शहर के सिंधी कॉलोनी क्षेत्र में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने सभी नागरिकों को मतदान की महत्ता बताते हुए मतदान करने की अपील की। विद्यार्थियों ने मतदान को परिभाषित करते हुए बताया की लोकतंत्र को व्यवस्थित रूप से चलने के लिए मतदान आवश्यक है। मतदान के लिए युवाओं को आहवान करते हुए विद्यार्थियो ने 'उम्र 18 पूरी है, मतदान करना जरुरी हैं' का नारा दिया साथ ही नारी शक्ति में चेतना लाने के उद्देश्य से 'बेटी बहु या हो सास, सबके लिए मतदान है खास' का नारा देकर मतदान की अलख जगाई।

इस मौके पर प्रधानाचार्य मनोज कुमार जैन, विद्यालय समन्वयक श्रीमती नैना मेड़तवाल, दिग्विजय गोस्वामी, दिलीप बालवंशी, प्रदीप गहलोत, प्रवीण सिंह, सुश्री गीता, नारायण बालवंशी, प्रभात चौहान, जतिन लालवानी, हर्षित कटारिया, तनिष्क पारियानी, निलेश पुरी, निशित, अभिजित आदि मौजूद रहे।

पाली में ऑर्किड्स सेंट्रल स्कूल ऑफ़ एक्सीलेंस के विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक किया। फोटो-राष्ट्रदूत

डाक मत पत्रों से किया मतदान

लोकसभा आम चुनाव को लेकर पाली तहसील कार्यालय में मंगलवार को कई कार्मिकों ने पूर्ण गोपनीयता के साथ डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कर मताधिकार का उपयोग किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी, एल एन मंत्री के निर्देशानुसार चल रहे डाक मतदान के लिए व्यवस्था की गई हैं सहायक रिटर्निंग अधिकारी निर्वाचन क्षेत्र पाली एवं उपखंड अधिकारी अशोक कुमार विश्नोई ने बताया कि ऐसे कार्मिक जिनके डाक मतपत्र जारी किए गए उनके के लिए तहसील कार्यालय में फैसिलिटेशन सेंटर बनाया गया, जहां पर मंगलवार को अतिरिक्त जिला कलक्टर सीलिंग भवानी सिंह पंवार, यूआईटी सचिव पूजा सक्सेना समेत अन्य कई विभागों के राजकीय कार्मिकों ने मतदान किया।

उन्होंने बताया कि डाक मतपत्र के लिए पाली तहसीलदार जितेन्द्र बबेरवाल, नायब तहसीलदार रमेशचन्द्र ननोमा आदि के निर्देशन में विभिन्न टीमें बनाई गई जो डाकमत पत्र संबंधी विभिन्न कार्यो को संपादित करते हुए कर्मचारियों के मताधिकार का उपयोग होने के बाद मत पत्र की पेटी में मत डालने एवं उसकी सुरक्षा के लिए आवश्यक सुविधाओं को अंजाम दे रहे है।

वहीं इन कार्मिकों के लिए दो अनुप्रमाणन अधिकारी भी नियुक्त किए गए है।

बुधवार के दिन कार्मिक इस फैसिलिटेशन सेंटर पर मतदान कर सकेंगे। वहीं 25 अप्रैल को राजकीय बांगड़ कॉलेज में वे मतदान कर सकते है। इसके साथ ही बुधवार को होम वोटिंग के द्वितीय चरण में शेष रहे मतदाताओं के लिए आज अंतिम दिन था एवं होम वोटिंग का दूसरा चरण भी सम्पन हुआ।

सोना व चांदी चोरी

जोधपुर, (कासं)। निकटतर्वी झालामंड स्थित हेमनगर में परिवार एक दिन के बाहर गया। अगले दिन वापिस लौटा तो ताले टूटे मिले। चोरों ने अलमारी वोर्डरॉब के ताले तोडक़र सामान बिखेर कर तक रीबन दस लाख के सोने के आइटम और दो किलो चांदी के आभूषण चुरा ले गए। घर में रखी 40-50 हजार की नगदी और दो मोबाइल भी अपने साथ ले गए। बाद में पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौका मुआयना किया और अब चोरों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। चोरी 21-22 अपे्रल की रात को होना प्रतीत हुआ है। कुड़ी भगतासनी पुलिस ने बताया कि हेमनगर झालामंड निवासी अशोक पत्र श्यामलाल प्रजापत की तरफ से मामला दर्ज करवाया गया है। बताया कि वह अपनी पत्नी और बच्चो के संग 21 अपे्रल को बाहर गया था। घर सूना था और 22 अप्रेल की रात नौ बजे लौटे। पहुंचने पर पता लगा कि चोरों ने घर के ताले तोड़े हैं।

भ्रूण लिंग परीक्षण के आरोप में दलाल को पकड़ा

जालोर ,(नि.सं.)। राज्य पीसीपीएनडीटी प्रकोष्ठ ने सोमवार को गुजरात के बनासकांठा के धानेरा में सफल डिकॉय ऑपरेशन करते हुए भ्रूण लिंग परीक्षण में शामिल दलाल राजूराम विश्नोई पुत्र हरिराम विश्नोई निवासी सांकड़ जिला सांचौर हाल संविदाकर्मी जीएनएम पीएचसी सांकड़ जिला सांचौर को गिरफ्तार किया।

अतिरिक्त मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शुभ्रा सिंह ने बताया कि पिछले दिनों पीसीपीएनडीटी सेल जयपुर को जालोर जिले के आसपास के क्षेत्र में भ्रूण लिंग जांच की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना की पुष्टि के बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, पीसीपीएनडीटी के.के. अवस्थी के निर्देशन में टीम का गठन किया गया। डिकॉय ऑपरेशन के लिए तैयार कार्ययोजना के तहत निरीक्षण दल जालौर पहुंचा। डिकॉय टीम ने दलाल से सम्पर्क किया, जो कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सांकड में संविदा रूप में जीएनएम पद पर कार्यरत है। दलाल गर्भवती महिला को भ्रूण लिंग जांच के लिए सीमावर्ती राज्य गुजरात ले जाने के लिए तैयार हो गया तथा भ्रूण लिंग परीक्षण की एवज में 45 हजार रुपये एडवांस प्राप्त कर लिए। दलाल गर्भवती महिला को पूजा हॉस्पिटल धनेरा गुजरात में लेकर गया। टीम ने सर्तकता व सावधानी से दलाल का पीछा किया। गर्भवती महिला के इशारे उपरांत दबिश देकर दलाल राजूराम को गिरफ्तार कर लिया। अनुसंधान में पता चला कि दलाल ने धोखाधड़ी करते हुए गर्भवती को पूजा हॉस्पिटल धनेरा बनासकांठा गुजरात में ले जाकर डॉक्टर से गर्भवती महिला के पेट में दर्द की शिकायत कर जांच करवाई तथा बाहर निकल कर गर्भवती को भ्रूण लिंग की जानकारी दी। आरोपी दलाल के पास से भ्रूण लिंग परीक्षण के लिए ली गई राशि के हू-ब-हू नंबरी नोट भी बरामद किये है।

टीम में तीन पुलिस निरीक्षक गुंजन सोनी, अनिल जैमन एवं प्रीति चेची एवं अन्य कार्मिक शामिल रहे। कानिस्टेबल कैलाश, ललित मुकेश एवं शानू तथा जिला समन्वयक पीसीपीएनडीटी शंकर सुथार, पाली के महेश कुमार की भी भूमिका रही।

योगा एट 100 प्लेसेस कार्यक्रम शुरू

एच.एच. महाराजा हनवन्तसिंह के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में 'योगा एट 100 प्लेसेस'' कार्यक्रम मेहरानगढ दुर्ग के चौकेलाव बाग से विधिवत रूप से प्रारम्भ हुआ।

जोधपुर, (कासं)। एच.एच. महाराजा हनवन्तसिंह जी साहेब के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में मेहरानगढ़ म्यूजियम ट्रस्ट, योग एलायंस सोसायटी जोधपुर एवं सेण्ट ऑस्टिन सीनियर सैकेण्डरी स्कूल जोधपुर के संयुक्त तत्वावधान में 'योगा एट 100 प्लेसेस'' कार्यक्रम आज मेहरानगढ दुर्ग के चौकेलाव बाग से विधिवत रूप से प्रारम्भ हुआ। इसके तहत 225 से अधिक बच्चों ने योगाभ्यास किया।

मेहरानगढ़ म्यूजियम ट्रस्ट के प्रबन्धक (संस्कृति) घर्मांशु बोहरा ने बताया कि योग के प्रचार प्रसार व स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से योग एलायंस सोसायटी जोधपुर ने महाराजा हनवन्तसिंहजी के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में महरानगढ म्यूजियम ट्रस्ट के साथ मिलकर ''योगा एट 100 प्लेसेस'' कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया है जिसके तहत जोधपुर में 100 स्थानों पर योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कार्यक्रम करवाये जायेंगे। कार्यक्रम का उद्घाटन मंगलवार को प्रात:काल में महरानगढ के चौकेलाव बाग में हुआ। जहाँ बच्चों को योग के मानक नियमों के साथ योगाभ्यास करवाया गया और योग के विभिन्न फायदों के बारे में बताया। योगाभ्यास से अधिकाधिक लोग लाभान्वित होंगे और इसके माध्यम से आमजन को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक कर स्वस्थ व्यक्ति, स्वस्थ जोधपुर, स्वस्थ प्रदेश व स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण करेंगे।

इस अवसर पर सेण्ट ऑस्टिन सीनियर सैकेण्डरी स्कूल के 225 विद्यार्थियों ने भाग लेकर योगाभ्यास किया। बच्चों ने 100 की आकृति बनाकर इस आयोजन का प्रारम्भ किया। योगाभ्यास के पश्चात् बच्चों को अल्पाहार प्रदान किया गया।

अगले 99 दिनों तक प्रतिदिन योगाभ्यास के आयोजन जोधपुर के विभिन्न विद्यालयों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों, सैनिक व अर्द्धसैनिक बलों, रेलवे कर्मचारियों, चिकित्सकों व आमजन के साथ किया जायेगा। इस आयोजन का समापन 16 जून को उम्मेद भवन पैलेस में होगा। इस अवसर पर महरानगढ म्यूजियम ट्रस्ट की तरफ से घर्मांशु बोहरा, सेण्ट ऑस्टिन स्कूल की प्रिंसीपल रामा आसानी, योगा एलायंस की तरफ से धीरेन्द्र सिंह चांदावत, अमिता राठौड,योगा एलायन्स की टीम व विद्यालय के अध्यापक एवं प्रतिनिधि मौजुद थे।

राज्यवर्धन का स्वागत किया

जैसलमेर, (नि.सं.)। नगर परिषद उप सभा पति खीमसिंह , वार्ड 11 के निर्दलीय पार्षद देवीसिंह चौहान व वार्ड 39 पार्षद ममता के प्रतिनिधि राकेश चंदेल ने राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री राज्यवर्धनसिंह राठौड़ की उपस्थिति में भाजपा जॉइन की।

सभी का मंत्री व विधायक छोटूसिंह भाटी व जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश सारदा ने दुपट्टा पहना कर स्वागत किया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश सारदा, सभापति हरिवल्लभ कल्ला, प्रधान जनकसिंह भाटी, प्रदेश मंत्री आईदान सिंह भाटी, प्रभारी खुमान सिंह, जिला प्रभारी रामस्वरूप गोधा , जिला महामंत्री सवाईसिंह गोगली, सुशील व्यास, बाबूलाल शर्मा ,मनोज भाटिया व वार्ड के लोग उपस्थित थे।

नेनाराम माली ने छोड़ी कांग्रेस

जालोर, (कासं)। जालोर कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव नेनाराम माली ने मंगलवार को अपना इस्तीफा पूर्व मुख्यमंत्री को भेजा है।

जालोर कांग्रेस कमेटी के पुर्व सचिव नेनाराम माली पिछले पच्चीस वर्षो से कांग्रेस पार्टी से जुड़े हुए थे। माली कच्ची बस्ती कांग्रेस प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष, राजीव गांधी युवा ब्रिगेड कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सहित विभिन्न पदो पर रह चूके है। माली ने बताया कि समाज को कांग्रेस पार्टी द्वारा अनदेखी करने पर आज अपना इस्तीफा दे रहे है।

भामाशाह परिवार ने 50 कुर्सी टेबल भेंट किए

रेवदर, (निसं)। रेवदर के समीप डाक के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डाक में पोसितरा के बिजनेसमैन नटवरलाल शंकर लाल पुरोहित ने स्कूल में छात्र-छात्राओं के बैठने के लिए 50 कुर्सी टेबल दिए, विद्यालय प्रधानाचार्य प्रदीप ने समाजसेवी दिनेश प्रजापत सरपंच प्रतिनिधि को विद्यालय में छात्र की बैठने के लिए मांग की तथा क्षेत्र के जाने-माने भामाशाह समाजसेवी भरत से संपर्क किया उन्होंने एक ही फोन द्वारा विद्यालय सेवा के लिए व 50 सेट कुर्सी टेबल की व्यवस्था करवाई, ऐसे भामाशाह को विद्यालय परिवार द्वारा ग्राम वासियों द्वारा फूल हार साफा द्वारा स्वागत किया।

स्वागत कार्यक्रम में दिनेश प्रजापत न भामाशाह मातृ शांताबेन शंकर लाल पुरोहित मुंबई ट्रस्ट पोसितरा का आभार व्यक्त किया। सरपंच प्रतिनिधि दिनेश प्रजापत,उप सरपंच दीपाराम देवासी, चतराराम,हीराराम, झालाराम,मोहन गिरी,ईश्वर सिंह,भावेश प्रजापत,पूर्ण गिरी, मगाराम देवासी,पंचायत समिति सदस्य शंकरलाल उपस्थित रहे।

अमीन खान को धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार

बाड़मेर, (निसं)। शिव के पूर्व विधायक अमीन खान को सोशल मीडिया ग्रुप फेसबुक अकाउन्ट पर जान से मारने का धमकी भरी पोस्ट करने वाले आरोपी को पुलिस ने नामजद करते हुए गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह ने बताया कि पूर्व विधायक अमीन खान को सोशल मीडिया पर जान से मारने की धमकी वाली पोस्ट की सूचना प्राप्त होने पर सोशल मीडिया जिला नोडल अधिकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जसाराम बोस को इस संबंध में जानकारी कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये, जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बाडमेर नोडल अधिकारी व जिला सोशल मिडिया सैल द्वारा तुरन्त इस सम्बन्ध में जानकारी करते हुए उक्त पोस्ट वायरल करने वाले युवक की जानकारी कर संबंधित पुलिस थाना धोरीमन्ना को त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।

थानाधिकारी पुलिस थाना धोरीमन्ना मय पुलिस टीम द्वारा धमकी भरी पोस्ट वायरल करने वाले आरोपी पारसमल पुत्र भीयाराम जाट निवासी भाउडा ग्राम पंचायत खारी का करीबन 5 किलोमीटर रेतीले धोरों में पीछा कर दस्तयाब किया व पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया।

शिव के पूर्व विधायक अमीन खान को सोशल मीडिया पर जान से मारने की धमकी भरी पोस्ट करने का आरोपी पुलिस ने गिरफ्तार किया।

पेंक्रियाज के कैंसर का जटिल ऑपरेशन किया

जोधपुर, (का.सं.)। महात्मा गांधी अस्पताल में पेंक्रियाज के कैंसर का जटिल ऑपरेशन किया तथा पोर्टल वेन काटकर कैंसर की गांठ निकाली।

अस्पताल अधीक्षक डॉक्टर फ़तेह सिंह भाटी ने बताया कि गेस्ट्रो सर्जरी विभाग में निश्चेतना विभाग के सहयोग से नियमित रूप से पेट के कैंसर के जटिल ऑपरेशन हो रहे है। गेस्ट्रो सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉक्टर दिनेश चौधरी ने बताया के ज़ेतारण निवासी भीखाराम को कुछ समय से पीलिया की शिकायत थी।सिटी स्कैन जाँच में पेंक्रियाज में कैंसर का पता चला। मरीज़ ने अहमदाबाद में दिखाया तो वहाँ के डॉक्टर ने बताया की कैंसर की गाँठ पोर्टल वेन नामक खून की नली से चिपकी होने के कारण ऑपरेशन में नही हो पाएगा। इसके बाद मरीज़ ने डॉक्टर दिनेश को दिखाया। डॉक्टर चौधरी के अनुसार पेंक्रियाज के कैंसर का ऑपरेशन नही होने पर कैंसर तेज़ी से फ़ेलता हे ओर एक बार चोथी स्टेज में जाने पर मरीज़ 3-6 माह ही जीवन जी पाता है। डॉक्टर दिनेश ने किया ऑपरेशन ओर उनका साथ दिया डॉक्टर डुंगर सिंह राजपुरोहित,डॉक्टर विजय ओर डॉक्टर विशाल नर्सिंग ऑफ़िसर दिनेश ने ऑपरेशन असिस्ट करवाया। निश्चेतना विभाग के विभागाध्यक्ष सरिता जनवेज़ा के निर्देशन में डॉक्टर अभिलाशा में निश्चेतना दी।

भयमुक्त मतदान के लिए फ्लैग मार्च निकाला

पुलिस, केन्द्रीय पुलिस बल एवं प्रशासनिक अधिकारियों संयुक्त रूप से मिलकर मंगलवार को फ्लैग मार्च निकाला।

बाड़मेर, (नि.सं.)। लोकसभा आम चुनाव 2024 को देखते हुए जिले में निष्पक्ष, पारदर्शी एवं स्वतन्त्र चुनाव संपन्न करवाने के लिए पुलिस, केन्द्रीय पुलिस बल एवं प्रशासनिक अधिकारियों संयुक्त रूप से मिलकर मंगलवार को फ्लैग मार्च निकाला गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत जैन के निर्देशानुसार जिले में मतदाताओं को भयमुक्त वातावरण में निर्भय होकर मतदान सम्पन्न करवाने के लिए जिले की सभी विधानसभाओं में पुलिस बल, केन्द्रीय पुलिस बल, बीएसएफ एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा संयुक्त फ्लैग मार्च कर असामाजिक तत्वों को कड़ा संदेश दिया गया।

साथ ही इस अवसर पर मतदाताओं में भयमुक्त होकर मतदान करने का विश्वास जागृत किया।

मंगलवार को सणाऊ, आकोड़ा, सोडियार, लीलसर, सियागपुरा एवं दूधवा खुर्द गांव में थानाधिकारी मय जाब्ता, चौहटन नायब तहसीलदार तथा बीएसएफ द्वारा फ्लैग मार्च किया गया। पचपदरा सुपरवाइजरी अधिकारी चक्रवर्ती सिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, बीएसएफ ब-74 के 50 जवान और 50 जयपुर ठाामीण जाब्ता के साथ अलग अलग 11 गाडियों से गावों में पार्टियां बनाकर फ्लैग मार्च किया गया।

वहीं नगोनी धतरवाल की ढाणी, बायतु पनजी एवं सेडवा में उपखण्ड अधिकारी, थानाधिकारी मय जाब्ता, बीएसएफ के जवानों व होम गार्ड द्वारा फ्लैग मार्च किया गया।

साथ ही आमजन को लोकसभा चुनाव में भयमुक्त होकर मतदान करने के लिए जागरूक किया।

पूजा पार्थ ने चुनाव कार्यों पर चर्चा की

जालोर, (कासं)। जिला निर्वाचन अधिकारी पूजा पार्थ ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 26 अप्रेल, मतदान दिवस पर शांतिपूर्ण, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव करवाने के लिए सभी अधिकारी समन्वय एवं टीम भावना से कार्य करते हुए चुनाव कार्य सफल रूप से संपादित करने के लिए जिम्मेदारी व सतर्कता से कार्य करें।

इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करते हुए अपने-अपने अनुभागों से संबंधित दायित्वों का निर्वहन निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार किया जाना सुनिश्चित करें।

जिला निर्वाचन अधिकारी पूजा पार्थ ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सायंकाल लोकसभा आम चुनाव-2024 के दौरान विभिन्न अनुभागों के प्रभारी व सह प्रभारियों की बैठक ले रहे थे। उन्होंने लोकसभा आम चुनाव-2024 की तैयारी एवं अन्य आवश्यक गतिविधियों की समीक्षा करते हुए सम्बंधित अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश प्रदान किए। उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिवचरण मीना ने कहा कि मतदान दलों की रवानगी व सामग्री वितरण पर विशेष ध्यान दिया जावें ताकि मतदान दलों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होवें। उन्होंने चुनाव संचालन, मतगणना, कानून एवं शांति व्यवस्था, निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण, स्वीप, सुविधा केन्द्र एवं दिव्यांगजन प्रकोष्ठ, नियंत्रण कक्ष, प्रशिक्षण, यातायात व रूटचार्ट, ईवीएम-वीवीपैट, आदर्श आचार संहिता एवं शिकायत तथा चुनाव भण्डार प्रकोष्ठ की गतिविधियों की समीक्षा करते अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अपने-अपने प्रकोष्ठ से संबंधित कार्यों एवं दायित्वों का निर्वाहन गंभीरतापूर्वक करें। उन्होंने कानून व्यवस्था प्रबंधन, मतदान से 72 घण्टे पूर्व की जाने वाली गतिविधियों, प्रशिक्षण, एफएस, एसएसटी व वीएसटी दल द्वारा की गई कार्यवाही की प्रगति, वेब कास्टिंग, स्वीप गतिविधियों के तहत बूथ अवेयरनेस ग्रुप व हेला टोली के माध्यम से अधिकतम मतदान के बारे में चर्चा कर निर्देश दिए।

स्वीप प्रभारी जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जवाहर चौधरी, प्रशिक्षु आईएएस दिव्यांश सिंह, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी चिदंबरा परमार, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी संजय रामदेव, डीओआईटी के संयुक्त निदेशक योगेश कुमार, स्वीप सहायक प्रभारी भैराराम चौधरी सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

अंतिम प्रशिक्षण लेकर 1412 मतदान दल गंतव्य पर होंगे रवाना

जालोर, (कासं)। लोकसभा आम चुनाव-2024 के दौरान 26 अप्रेल को मतदान करवाने के लिए 25 अप्रेल, गुरूवार को वीर वीरमदेव राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जालोर में आयोजित अंतिम प्रशिक्षण उपरांत जालोर व सांचौर जिले की पांचों विधानसभाओं के लिए 1412 मतदान दल अपने गंतव्य स्थान के लिए रवाना होंगे। मतदान दलों की बैठक व्यवस्था मतदान केन्द्रवार रहेंगी

उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिवचरण मीना ने बताया कि 25 अप्रेल, गुरूवार को प्रात: 7 बजे से प्रात: 10 बजे तक सांचौर व रानीवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के मतदान दलों को अंतिम प्रशिक्षण उपरांत रवाना किया जायेगा। वही आहोर, जालोर व भीनमाल विधानसभ क्षेत्र के मतदान दल प्रात: 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक अंतिम प्रशिक्षण प्राप्त कर गंतव्य स्थानों के लिए रवाना होंगे।

उन्होंने बताया कि अंतिम प्रशिक्षण के लिए बैठक व्यवस्था मतदान केन्द्रवार रहेगी जिसके बारे में जानकारी प्रशिक्षण स्थल के बाहर सूचना पट्ट पर चस्पा सूचियों के माध्यम से प्राप्त की जा सकेगी। मतदान दलों के लिए रवानगी स्थल पर 5 कैंटीन की व्यवस्था की गई जिस पर मतदान दल के कार्मिकों को भोजन, चाय-पानी आदि उपलब्ध होंगे। मतदान दल के कामिकों के लिए 25 अप्रेल को प्रात: अतिरिक्त बसों की उपलब्धता रहेंगी।

मतदान दलों के कार्मिकों को 25 अप्रेल को अंतिम प्रशिक्षण के लिए वीर वीरमदेव राजकीय स्नातोकतर महाविद्यालय में समय पर पहुंचाने के लिए अतिरिक्त बसें उपलब्ध रहेगी। जिसका संचालन मुख्य प्रबंधक राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम जालोर द्वारा किया जाएगा।

शिवचरण मीना ने बताया कि 25 अप्रेल, 2024 को प्रथम राउण्ड में प्रात: 4 बजे चितलवाना-झाब-बागोड़ा-सायला-जालोर के लिए 2 बसें व द्वितीय राउण्ड में प्रात: 6.45 बजे 1 बस, सांचौर-रानीवाड़ा-भीनमाल-रामसीन-जालोर के लिए प्रथम राउण्ड में प्रात: 3.30 बजे 1 बस व द्वितीय राउण्ड में प्रात: 6.30 बजे 1 बस, सांचौर-करड़ा-भीनमाल-जालोर के लिए प्रथम राउण्ड में प्रात: 4 बजे 1 बस व द्वितीय राउण्ड में प्रात: 6.30 बजे 1 बस रवाना होगी।

उन्होंने बताया कि बागोड़ा-सायला-बिशनगढ़-जालोर के लिए प्रथम राउण्ड में प्रात: 5.30 बजे 1 बस व द्वितीय राउण्ड में प्रात: 8 बजे 1 बस, रानीवाड़ा-भीनमाल-रामसीन-जालोर के लिए प्रथम राउण्ड में प्रात: 4.30 बजे 1 बस व द्वितीय राउण्ड में प्रात: 6.30 बजे 1 बस, जसवंतपुरा-रामसीन-बागरा-जालोर मार्ग के प्रथम राउण्ड में प्रात: 5 बजे 1 बस व द्वितीय राउण्ड में प्रात: 8 बजे 1 बस तथा भोरडा-बाला-भंवरानी-बिशनगढ़-जालोर के लिए प्रथम राउण्ड में प्रात: 5 बजे 1 बस व द्वितीय राउण्ड में प्रात: 8 बजे 1 बस रवाना होगी।

मतदान दल के जो कार्मिक 24 अप्रेल को सांयकाल जिला मुख्यालय पर पहुँचेंगे उनके आवास की व्यवस्था राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जालोर व राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राजेन्द्र नगर जालोर में रहेंगी।

मशहूर रेसलर द ग्रेट खली वीर बालाजी मन्दिर में दर्शन करने पहुंचे

बाड़मेर, (निसं)। एक तरफ गुंजती हनुमान चालीसा की चौपाईयां , दूसरी तरफ मंत्रमुग्ध करने वाला सुन्दरकाण्ड का पाठ, वही हनुमान जी भोग के बनते चुरमे की खुशबू और शोभायात्रा में गगनचुम्बी रामभक्त के जयघोश से थार की धरा भक्ति मय हो गई। हनुमान जन्मोत्सव पर तड़के से प्रारम्भ हुए आयोजन देर रात तक चलते रहे। वीर बालाजी हनुमान मन्दिर सदर बाजार में मंगल बालाजी परिवार द्वारा प्रात:5.15 बजे से सांय 5.15 बजे तक अनवरत संगीतमय अखण्ड हनुमान चालीसा के पाठ में सैकड़ो कन्ठ ने हजारों चालीसा की चौपाइयां बोली । मंगल बालाजी परिवार के प्रवक्त ा तरूण सागर ने बताया कि अलसुबह से ही अखण्ड हनुमान चालीसा करने के लिए भक्तों की भीड़ मन्दिर में रही । लगातार बिना रूके 12 घन्टो तक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। 12 घन्टों के बाद इसकी पूर्णाहुति हुई। उसके बाद प्रसाद वितरण किया गया।

अखण्ड हनुमान चालीसा के मुख्य संयोजक आनन्द गुप्ता ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव को लेकर भक्तों में अपार उत्साह देखा गया। बालाजी भक्तों ने मिलकर 238 बार हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। मंगल बालाजी परिवार की ओर से रात्रि में सरदारपुरा स्थित विष्वकर्मा मन्दिर में सुन्दरकाण्ड पाठ किया गया। पुरे आयोजन में आनन्द डागा, कृष्ण शर्मा,लक्ष्मण सोनी,पण्डित सुनिल, महावीर बोथरा,संजय,धनष्याम जागिड़, पवन सरार्फ, नरेन्द्रसिंह, नारायण, ललिता, धनवन्ती, दिव्या, पूजा, अनुसूइया सहित कार्यकर्ताओं ने अपनी सेवाएं दी। इसी कडी में केसरी नन्दन बालाजी परिवार की ओर से स्थानीय सफेद आकड़ा में सुन्दकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया।

संस्था के जगदीष बोथरा ने बताया कि प्रात: 10 बजे सुन्दरकाण्ड पाठ का श्रीगणेष हुआ जो कि दोपहर तक चला। हनुमान जन्मोत्सव कमेटी की ओर से सवामणि का भोग वीर बालाजी मन्दिर में लगाया गया वही चारभुजा मन्दिर प्रागण में आजाद युवा ग्रुप की ओर से 51 किलो के रोट का भोग लगाया गया। ग्रूप के सतीष सोनी ने बताया कि चार भुजा मन्दिर में 51 किलो रोट का भोग लगाया गया साथ ही हनुमान जी की प्रतिमा का विषेश श्रृंगार किया गया। मशहूर रेसलर द ग्रेट खली भी दोपहर 3 बजे वीर बालाजी मन्दिर पहुंचे। उन्होंने बालाजी के दर्षन कर आर्षीवाद लिया। उन्होंने कहा कि धर्म हमें जोड़ने का कार्य करता है। आयोजन लोगों को जोड़ने के साथ साथ हमारी आस्था एवं विश्वास को मजबूती देता है।